**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ............................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**J 0 9 1 5**

# PAPER - III
# EDUCATION

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : **32** | Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## EDUCATION

## PAPER - III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Which one of the following is **not** related to realist ideology ?
   (1) Herbert Spencer
   (2) Bertrand Russell
   (3) Henry Bergson
   (4) G.E. Moore

2. Which one of the following advice an existantialist teacher did **not** offer to his/her students ?
   (1) Do self analysis
   (2) You should take your own decisions
   (3) For your development use your miseries and sorrows
   (4) Listen to the voice of your inner self

3. When a teacher says that the delinquent behaviour of my students is an expression of evil in me, he is following :
   (1) Idealism
   (2) Vedantic philosophy
   (3) Realism
   (4) Pragmatism

4. One major difference between Tagorian and Roussoue's ideas on nature is :
   (1) Tagore gave less emphasis on nature
   (2) Tagore did not believe in negative education
   (3) Tagore regarded God as the creator of nature
   (4) Tagore believed that nature will punish the erring human

5. Which one of the following is **not** correct ?
   (1) Gandhi did not appreciate Tagorian practice of having services of non teaching class IV employees
   (2) Tagore did not appreciate Gandhian emphasis on RamRajya
   (3) Vivekanand advocated reading of indigenous texts
   (4) Aurbindo did not oppose worldly pursuits

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित में से कौन यथार्थवादी विचारधारा से संबद्ध **नहीं** है ?

(1) हरबर्ट स्पेंसर (2) बर्ट्रेंड रसेल (3) हेनरी बर्गसां (4) जी.ई. मूर

**2.** एक अस्तित्ववादी शिक्षक ने निम्नलिखित में से कौनसी सलाह अपने विद्यार्थियों को **नहीं** दी थी ?

(1) आत्मविश्लेषण करो

(2) तुम्हें अपने निर्णय स्वयं लेने चाहिए

(3) अपने विकास के लिए अपनी दुख-तकलीफों का उपयोग करो

(4) अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनो

**3.** जब कोई शिक्षक यह कहता है कि मेरे विद्यार्थियों का अपराधपूर्ण व्यवहार मुझमें निहित बुराई की अभिव्यक्ति है, तो वह अनुगमन कर रहा है :

(1) आदर्शवाद का (2) वेदांत दर्शन का

(3) यथार्थवाद का (4) प्रयोजनवाद का

**4.** टैगोर और रूसो के प्रकृति – संबंधी विचारों में मुख्य अंतर है :

(1) टैगोर ने प्रकृति पर कम जोर दिया

(2) टैगोर की निषेधात्मक शिक्षा में आस्था नहीं थी

(3) टैगोर ईश्वर को प्रकृति का सृष्टिकर्ता मानते थे

(4) टैगोर का विचार था कि प्रकृति गलती करनेवाले मानव को दंडित करेगी

**5.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही **नहीं** है ?

(1) गाँधी जी शिक्षकेतर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाएँ लेने की टैगोरीया प्रथा को महत्त्व नहीं देते थे

(2) टैगोर गाँधी के रामराज्य पर बल को महत्त्व नहीं देते थे।

(3) विवेकानंद ने देशज मूल सामग्री (Texts) पढ़ने पर बल दिया

(4) अरविंद सांसारिक लक्ष्यों का विरोध नहीं किया

6. It is well established by thinkers, philosophers and academicians that ideals like 'Social Justice' etc. are to be achieved by education. Here 'Social Justice' implies :

(a) to remove economic unequalities.

(b) to provide decent standards of living to the people.

(c) to protect the interest of the weaker section of society.

(d) to end inequality of the opportunities.

Which is the **correct** answer ?

(1) (a) and (d)

(2) only (b)

(3) (a), (c) and (d)

(4) (a), (b), (c) and (d)

7. Besides the right to equality of opportunity in general terms, the discrimination against a citizen has been prohibited on different grounds such as :

(a) Religion (b) Race (c) Caste (d) Sex (e) Place of birth

Choose the **correct** code :

(1) (b), (d) and (e)

(2) (a), (b), (d) and (e)

(3) (b), (c), (d) and (e)

(4) (a), (b), (c), (d) and (e)

8. Match the following :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Protection of Women from Domestic Violence Act | (i) | 1993 |
| (b) | National Commission Backward Classes Act | (ii) | 1986 |
| (c) | Child Labour (Prohibition and Regulation) Act | (iii) | 2005 |
| (d) | National Trust for Welfare of Persons with Disabilities Act | (iv) | 1999 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

6. चिंतकों, दार्शनिकों तथा शिक्षाविदों द्वारा यह सुस्थापित है कि 'सामाजिक न्याय' इत्यादि जैसे आदर्शों को शिक्षा के द्वारा प्राप्त किया जाना है। यहाँ, सामाजिक न्याय का तात्पर्य है :

(a) आर्थिक असमानताओं को समाप्त करना

(b) लोगों को रहन-सहन का शालीन स्तर प्रदान करना

(c) समाज के कमज़ोर वर्गों के हितों की रक्षा करना

(d) अवसरों की असमानता समाप्त करना

**सही** उत्तर कौन सा है?

(1) (a) और (d)

(2) केवल (b)

(3) (a), (c) और (d)

(4) (a), (b), (c) और (d)

7. सामान्य रूप से अवसर की समानता के अधिकार के अलावा, नागरिक के विरुद्ध भेदभाव को भिन्न आधारों पर निषिद्ध किया गया है जैसे कि :

(a) धर्म (b) प्रजाति (c) जाति (d) लिंग (e) जन्म का स्थान

**सही** कूट का चयन कीजिए :

(1) (b), (d) और (e)

(2) (a), (b), (d) और (e)

(3) (b), (c), (d) और (e)

(4) (a), (b), (c), (d) और (e)

8. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | घरेलू हिंसा से स्त्रियों का संरक्षण अधिनियम | (i) | 1993 |
| (b) | पिछड़े वर्गों का राष्ट्रीय आयोग अधिनियम | (ii) | 1986 |
| (c) | बाल श्रम (निरोध एवं विनियमन) अधिनियम | (iii) | 2005 |
| (d) | निशक्त व्यक्ति के कल्याण का राष्ट्रीय न्यास अधिनियम | (iv) | 1999 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

9. Which of the following is **not** considered an element of Culture ?

(1) Social Institution (2) Physical Resources

(3) Spiritual Values (4) Human Resources

10. Constitutional provisions for advancement of socially and educationally backward classes of society in India are directed at :

(1) Progressive policies of the state (2) Conservative policies of the state

(3) Cultural policies of the state (4) Economic policies of the state

11. In Piaget's view which of the following stage of development is the highest stage in terms of cognitive development ?

(1) Childhood (2) Adolescence (3) Adulthood (4) Old age

12. 'Object permanence' is the characteristic of which age group in Piaget's research evidence of growth and development ?

(1) upto the age of 8-9 months (2) between 2 to 7 years

(3) between 9 to 11 years (4) between 11 to 14 years

13. Which of the following determinants of individual differences will not contribute to the development of emotional intelligence in Daniel Goleman's formulation even after the age of 25 ?

(1) Interactive experiences (2) Educational exposure

(3) Technical expertise (4) Genetic potential

14. In organizing educational programmes effectively at the school level which of the following factors of individual differences will be maximally employed for enhancing performance of students ?

(1) Socio economic background and gender

(2) Gender and motivation

(3) Home environment and ability

(4) Motivation and ability

**9.** निम्नलिखित में से किसे संस्कृति का तत्व **नहीं** समझा जाता ?

(1) सामाजिक संस्था (2) भौतिक संसाधन

(3) आध्यात्मिक मूल्य (4) मानव संसाधन

**10.** भारत में समाज के सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की प्रगति के लिए संवैधानिक प्रावधान किस ओर लक्ष्य करते हैं ?

(1) राज्य की प्रगामी नीतियां (2) राज्य की रूढ़िवादी नीतियां

(3) राज्य की सांस्कृतिक नीतियां (4) राज्य की आर्थिक नीतियां

**11.** पियाजे की दृष्टि में निम्नांकित में से विकास की कौन सी अवस्था संज्ञानात्मक विकास की सर्वोच्च अवस्था है ?

(1) बाल्यावस्था (2) किशोरावस्था (3) प्रौढ़ावस्था (4) वृद्धावस्था

**12.** वृद्धि एवं विकास के सम्बन्ध में पियाजे के शोध-साक्ष्यों द्वारा 'वस्तु-स्थायित्व' के लक्षण किस वय-वर्ग में दिखाई देते हैं ?

(1) आठ से नौ माह की आयु में (2) 2 - 7 वर्ष की आयु में

(3) 9 - 11 वर्ष की आयु में (4) 11 - 14 वर्ष की आयु में

**13.** डेनियल गोलमैन के प्रतिपादन में भावात्मक प्रज्ञा के विकास में 25 वर्ष की आयु के बाद भी निम्नांकित में से वैयक्तिक भिन्नता का कौन सा निर्धारक सहायक नहीं होता है ?

(1) अन्तर्क्रियात्मक अनुभव (2) शैक्षिक समागम

(3) तकनीकी विशेषज्ञता (4) वंशानुगत सम्भावना

**14.** विद्यालय स्तर पर शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से आयोजित करने में विद्यार्थियों के निष्पादन को संवर्धित करने की दृष्टि से अधोलिखित में किन व्यक्तिगत भिन्नता के कारकों का सर्वाधिक रूप में अनुप्रयोग किया जाएगा ?

(1) सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि एवं लिंग

(2) लिंग एवं अभिप्रेरणा

(3) घरेलू परिवेश एवं योग्यता

(4) अभिप्रेरणा एवं योग्यता

**15.** Match the items of **Set - I** with that of **Set - II** and give answer by choosing the appropriate code :

| **Set - I** (Characteristic) | **Set - II** (Stage at which this feature appears) |
|---|---|
| (a) Ability to understand symbols from concrete situations | (i) In emotional development of adolescence |
| (b) Tendency of being away from parents | (ii) In the social development of adolescence |
| (c) Development of self concept | (iii) In the intellectual development during childhood |
| (d) Hero worship | (iv) In the social development during childhood |
| (e) Conflict in motivation | (v) In the intellectual development of adolescence |
| | (vi) In the process of adjustment during adolescence |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (3) | (vi) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (vi) | (v) | (iv) |

**16.** In chronological order which theory of intelligence is the latest ?

(1) Two factor theory
(2) Group factor theory
(3) Theory of multiple intelligence
(4) Multiple factor theory

**17.** In the following list of learning theorists who borrowed the word 'cathexis' to call it a kind of learning ?

(1) Tolman
(2) Guthrie
(3) Mowrer
(4) Thorndike

**18.** In which conditioning paradigm of learning reinforcement follows rather than precedes a response ?

(1) Classical conditioning
(2) Operant conditioning
(3) Contiguous conditioning
(4) Backward conditioning

15. **सेट- I** के पदों का **सेट - II** के पदों से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों में से चुनकर उपयुक्त उत्तर दीजिए।

| **सेट - I** <br> **( विशेषता )** | | **सेट - II** <br> **( अवस्था जिसमें यह विशेषता दिखाई पड़ती है )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मूर्त्त परिस्थितियों के माध्यम से समझने लग जाना | (i) | किशोरावस्था में सांवेगिक विकास |
| (b) | माँ–बाप से हटने की प्रवृत्ति | (ii) | किशोरावस्था में सामाजिक विकास |
| (c) | आत्म सम्प्रत्यय का अभ्युदय | (iii) | बाल्यावस्था में बौद्धिक विकास |
| (d) | नायक पूजा | (iv) | बाल्यावस्था में सामाजिक विकास |
| (e) | अभिप्रेरणा में द्वन्द्व | (v) | किशोरावस्था में बौद्धिक विकास |
| | | (vi) | किशोरावस्था में समंजन की प्रक्रिया के अन्तर्गत |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (3) | (vi) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (vi) | (v) | (iv) |

16. कालक्रमानुसार बुद्धि का कौन सा सिद्धान्त अद्यतन है ?

(1) द्वि कारक सिद्धान्त
(2) समूह कारक सिद्धान्त
(3) बहुविमात्मक बुद्धि का सिद्धान्त
(4) बहुकारक सिद्धान्त

17. अधिगम मनोवैज्ञानिकी निम्नांकित सूची में किसने ‘भावाभिनिवेश’ शब्द ग्रहण करते हुए, इसे एक अधिगम प्रकार के नाम से पुकारा है ?

(1) टोलमैन
(2) गथ्री
(3) मोरर
(4) थार्नडाइक

18. अनुबन्धन द्वारा अधिगम के किस प्रतिमान के अन्तर्गत प्रबलन अनुक्रिया के पहले न घटित होकर उसके बाद घटित होता है ?

(1) क्लासिकी अनुबन्धन
(2) क्रिया प्रसूत अनुबन्धन
(3) सामीप्य अनुबन्धन
(4) पश्चवर्ती अनुबन्धन

**19.** Which theory of transfer of learning suggests that it is the understanding developed by the learner which transfer from one situation to the other ?

(1) Theory of identity of elements (2) Mental faculty theory

(3) Theory of generalization (4) Gestalt theory

**20.** Who modified the need hierarchy theory of motivation advanced by Maslow to a group of three needs called by an acronym 'Erg' ?

(1) Mcclelland (2) Murray (3) Alderfer (4) Eric Fromm

**21.** Who was the chief proponent among the type theorists of personality to advance a psychological personality type ?

(1) Sheldon (2) Jung (3) Allport (4) Eysenck

**22.** Which 'theory of personality' will explain the case of maladaptive behaviour in adolescents on the basis of 'style of life' ?

(1) Kurt Lewin's field theory

(2) Carl Jung's Analytic theory

(3) Sigmund Freud's psychoanalytic theory

(4) Alfred Adler's Individual psychology

**23.** Which of the following terms describes the parameters of mental health in the Indian context in a convincing way ?

(1) Anandmaya Kosh (2) Nirvana

(3) Sthitdhee (4) Sthitpragya

**24.** Which one of the following will not be identified as the characteristic of a well - adjusted person ?

(1) Capacity for resolution of conflicting states

(2) Absence of over-anxiety

(3) Confidence in others but not in one's own self

(4) Minimal difference between 'saying' and 'doing'

**19.** अधिगम – अन्तरण का कौन सा सिद्धान्त यह प्रस्तावित करता है कि अधिगमकर्त्ता द्वारा विकसित अवबोध एक परिस्थिति से दूसरी परिस्थिति में अन्तरित होता है ?

(1) घटकों की समरूपता का सिद्धान्त (2) मानसिक शक्ति का सिद्धान्त

(3) सामान्यीकरण का सिद्धान्त (4) गेस्टाल्ट सिद्धान्त

**20.** मासलो के आवश्यकता- अधिक्रम के अभिप्रेरणा सिद्धान्त को किसने तीन आवश्यकताओं में समेटते हुए एक्रानिम (संक्षिप्ति) अर्ग के रूप में संशोधित किया ?

(1) मैक्लीलैण्ड (2) मरे (3) एलडरफर (4) एरिक फ्रॉम

**21.** व्यक्तित्व के प्रकारता सिद्धान्तवादियों में से मनोवैज्ञानिक प्रकारता के प्रस्तावित करने में मुख्य प्रणेता कौन थे ?

(1) शेल्डन (2) जुंग (3) आलपोर्ट (4) आइसेन्क

**22.** किशोरों में अपसमंजक व्यवहार की व्याख्या 'जीवनशैली' के आधार पर किस 'व्यक्तित्व सिद्धान्त' द्वारा की जाएगी ?

(1) कुर्त लूविन के क्षेत्र सिद्धान्त द्वारा

(2) कार्ल जुंग के विश्लेषणात्मक सिद्धान्त द्वारा

(3) सिगमण्ड फ्रायड के मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्त द्वारा

(4) आलफ्रेड एडलर के व्यक्ति सिद्धान्त द्वारा

**23.** मानसिक स्वास्थ्य के संसूचकों को भारतीय सन्दर्भ में कौन सा पद भरोसे के साथ विवरण प्रस्तुत करता है ?

(1) आनन्दमयकोश (2) निर्वाण

(3) स्थितधी (4) स्थितप्रज्ञ

**24.** निम्नांकित में से किसे एक सुसमंजित व्यक्ति की विशेषता के रूप में नहीं पहचाना जाएगा ?

(1) द्वन्द्वात्मक स्थितियों के समाधान की क्षमता

(2) अत्यधिक चिन्ता-ग्रस्तता का अभाव

(3) दूसरों में विश्वास किन्तु अपने पर नहीं

(4) कथनी एवं करनी में न्यूनतम अन्तर

**25.** A school intends to organize a 'wellness life style camp' for its teaching faculty and students. Which one will not be considered as a mandatory requirement of the camp ?

(1) Yogic exercises (Asanas) (2) Meditation session

(3) Brainstorming sessions (4) Discussions

**26.** For effective guidance which of the following is most important ?

(1) Need assessment of the client (2) Case history of the client

(3) Attitude of the client (4) Relationship with the client

**27.** In counselling the first step should be to create :

(1) a need in the counsellee (2) rapport with the counsellee

(3) a situation for self - analysis (4) free and frank discussions of the problems

**28.** Which one of the following guidance services is on the weak footing in India ?

(1) Information service (2) Inventory service

(3) Counselling service (4) Follow up service

**29.** In the Indian context counselling services at all the levels of education have not proved to be effective owing to the :

(1) Apathy of the parents (2) Policies of the government

(3) Non - cooperation of teachers (4) Inadequate school - community linkages

**30.** Quality of testing and information services depends mostly on the :

(1) Availability of valid and reliable tools

(2) Infrastructural support

(3) Suitable personnel to handle them

(4) Attitude of clients

25. ‘एक विद्यालय अपने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए ‘सुस्थित जीवनशैली कैम्प’ आयोजित करना चाहता है’। इस कैम्प के लिए किसे बाध्यकारी अपेक्षा के रूप में नहीं लिया जाएगा ?

(1) योग के अभ्यास (आसन आदि) (2) ध्यान सत्र

(3) विचारावेश सत्र (4) परिचर्चाएँ

26. प्रभावी निर्देशन के लिए निम्नलिखित में से कौनसा सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) सेवार्थी की आवश्यकता का आकलन (2) सेवार्थी का व्यष्टि इतिहास

(3) सेवार्थी की अभिवृत्ति (4) सेवार्थी से संबंध

27. उपबोधन में पहला कार्य होना चाहिए :

(1) सेवार्थी में उपबोधन की आवश्यकता उत्पन्न करना

(2) सेवार्थी से तालमेल स्थापित करना

(3) आत्मविश्लेषण की स्थिति उत्पन्न करना

(4) समस्याओं को लेकर मुक्त और स्पष्ट चर्चा करना

28. निम्नलिखित में से कौन सी निर्देशन सेवा भारत में कमजोर हालत में है ?

(1) सूचना सेवा (2) तालिका सेवा

(3) उपबोधन सेवा (4) अनुवर्ती सेवा

29. भारतीय संदर्भ में शिक्षा के सभी स्तरों पर अनुबोधन सेवाएँ प्रभावी सिद्ध नहीं हुई हैं, कारण है :

(1) माता - पिता की उदासीनता (2) सरकारी नीतियाँ

(3) शिक्षकों का असहयोग (4) अपर्याप्त विद्यालय - समुदाय संबंध

30. परीक्षण और सूचना सेवाओं की गुणवत्ता बहुत-कुछ निर्भर करती है :

(1) प्रामाणिक और विश्वसनीय उपकरणों की उपलब्धता

(2) आधारिक संरचनागत समर्थन

(3) उन्हें सँभालने के लिए उपयुक्त अभिकर्मी गुण

(4) सेवार्थियों की अभिवृत्ति

**31.** When the population is homogenous, which of the following sampling technique will be more appropriate ?

(1) Random sampling (2) Convenience sampling

(3) Snowball sampling (4) Stratified sampling

**32.** The measurement of an entire population yields :

(1) Statistics (2) Sampling error (3) Both (1) and (2) (4) Parameter

**33.** In a hypothesis, the relationship being affirmed is :

(1) tentative (2) final (3) unfounded (4) illfounded

**34.** As a researcher you want to evaluate the teaching performance of a teacher. Which of the following tools will be most appropriate ?

(1) Questionnaire (2) Interview (3) Rating scale (4) Opinionnaire

**35.** Which of the following variables in a research will provide ordinal measure ?

(1) Achievement (2) Intelligence (3) Aptitude (4) Attitude

**36.** A researcher reports a study in respect of prevailing class control procedures used by the public schools of Uttar Pradesh. As an expert in research methodology what will be your intelligent guess in respect of the methodology of research indicated below ?

(1) Historical (2) Descriptive (3) Case study (4) Experimental

**37.** Internal criticism of data is considered important in which of the following research ?

(1) Philosophical (2) Case study (3) Descriptive (4) Experimental

**38.** In which of the following form of enquiry, 'research design' functions as a specific and precise guidance ?

(1) Experimental research (2) Philosophical research

(3) Ethnographic studies (4) Case studies

**31.** जब जनसंख्या एक रूप है तो निम्नलिखित में से कौनसी प्रतिचयन तकनीक ज्यादा उपयुक्त होगी ?

(1) यादृच्छिक प्रतिचयन (2) सुविधा प्रतिचयन

(3) स्नोबॉल प्रतिचयन (4) स्तरित प्रतिचयन

**32.** सम्पूर्ण जनसंख्या के मापन से लब्धि होती है :

(1) सांख्यिकी (2) प्रतिचयन त्रुटि (3) (1) और (2) दोनों (4) प्राचल

**33.** प्राक्कल्पना में, जिस सम्बन्ध की पुष्टि की जा रही है वह :

(1) अस्थायी है (2) अन्तिम है (3) अस्थापित है (4) कु-स्थापित है

**34.** एक शोधकर्त्ता के रूप में आप एक अध्यापक के शैक्षिक निष्पादन का मूल्यांकन करना चाहते हैं। निम्नलिखित में से कौनसा उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होगा ?

(1) प्रश्नावली (2) साक्षात्कार (3) निर्धारण मापनी (4) मतावली

**35.** शोध में निम्नलिखित चरों में से कौनसा चर क्रमसूचक माप प्रदान करेगा ?

(1) उपलब्धि (2) बुद्धि (3) अभिक्षमता (4) अभिवृत्ति

**36.** एक शोधकर्त्ता, उत्तर प्रदेश के पब्लिक स्कूलों द्वारा उपयोग की जा रही प्रचलित कक्षा नियन्त्रण क्रियापद्धतियों के सम्बन्ध में एक अध्ययन का उल्लेख करता है। शोध विधि के एक विशेषज्ञ के रूप में, शोध कार्यपद्धति के संम्बन्ध में आपका अनुमान क्या होगा ?

(1) ऐतिहासिक (2) विवरणात्मक (3) व्यष्टि अध्ययन (4) प्रयोगात्मक

**37.** निम्नलिखित में से किस शोध में आंकड़े की आन्तरिक आलोचना को महत्वपूर्ण समझा जाता है ?

(1) दार्शनिक (2) व्यष्टि अध्ययन (3) विवरणात्मक (4) प्रयोगात्मक

**38.** निम्नलिखित में से परिपृच्छा के किस रूप में, 'शोध अभिकल्प' विशिष्ट और सुनिश्चित दिशानिर्देश के रूप में कार्य करता है ?

(1) प्रयोगात्मक शोध (2) दार्शनिक शोध

(3) नृजातीय वर्णन अध्ययन (4) व्यष्टि अध्ययन

**39.** A researcher conducts an experimental study by imposing several controls in respect of sample, data collection tools and situational variables. The likelihood of threat in arriving at generalization in this context will be to :

(1) Internal validity (2) External validity

(3) Both (1) and (2) (4) Neither (1) nor (2)

**40.** Which of the following will not form part of qualitative research ?

(1) Case study (2) Participant observation

(3) Survey study (4) Naturalistic enquiry

**41.** The basic purpose of universalization of elementary education in India is :

(1) Universal enrolment of children of 6-14 years of age group

(2) Universal retention of children of 6-14 years of age

(3) Universal interdependence of all school stages from primary to higher secondary

(4) Ascertaining minimum level of learning in all school subjects

**42.** In which country's educational system the idea of "community college" has been made popular ?

(1) U.K. (2) Germany (3) U.S.A. (4) Australia

**43.** A comparison of Vocational Education in India and that of U.S.A. reveals that :

(1) Vocational programme in U.S.A. is taken less seriously

(2) In India there is no coordination between the academic and vocational programmes

(3) The history and development of vocational education in India has witnessed many ups and downs in comparison to U.S.A.

(4) The vocational programme in India is very popular in comparison to U.S.A.

**44.** From the point of view of educational administration, which of the following statements is **correct** ?

(1) Completely centralised - U.S.A.

(2) Completely decentralised- U.K.

(3) Partly decentralised - Ireland

(4) Partly centralised and partly decentralised - India

**39.** कोई शोधकर्त्ता एक प्रयोगात्मक अध्ययन प्रतिदर्श, आधार–सामग्री संकलनार्थ उपकरणों एवं परिस्थितिगत चरों पर नियन्त्रण रखते हुए करता है। इस अध्ययन में निगमित सामान्यीकरण को किस तरह के जोखिम झेलने की सम्भावना हो सकती है ?

(1) आन्तरिक वैधता को (2) बाह्य वैधता को

(3) (1) तथा (2) दोनों को (4) न (1) और न (2) को

**40.** निम्नांकित में से कौन सा गुणात्मक शोध का उदाहरण नहीं है ?

(1) व्यष्टि अध्ययन (2) प्रतिभागी प्रेक्षण

(3) सर्वेक्षणात्मक अध्ययन (4) नैसर्गिक अध्ययन

**41.** भारत में प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण का मूल उद्देश्य है ?

(1) 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बालकों का सार्वभौमिक नामांकन

(2) 6 से 14 वर्ष के बालकों का सार्वभौमिक धारण

(3) प्राथमिक से उच्च माध्यमिक तक सभी स्कूली स्तरों की सार्वभौमिक अन्तरनिर्भरता

(4) सभी स्कूली विषयों में अधिगम के न्यूनतम स्तर को सुनिश्चित करना

**42.** किस राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली में ''कम्युनिटी कालेज'' के विचार को प्रसिद्ध किया गया ?

(1) यू.के. (2) जर्मनी (3) यू.एस.ए. (4) ऑस्ट्रेलिया

**43.** भारत और यू.एस.ए. की व्यावसायिक शिक्षा की तुलना करने पर पता चलता है कि :

(1) यू.एस.ए. में व्यावसायिक कार्यक्रम को कम गंभीरता से लिया जाता है।

(2) भारत में अकादमीय एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों के बीच कोई समन्वय नहीं है।

(3) भारत में व्यावसायिक शिक्षा के इतिहास और विकास ने यू.एस.ए. की तुलना में अनेकों उतार चढ़ाव देखे हैं।

(4) भारत में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों यू.एस.ए. की तुलना में ज्यादा प्रसिद्ध है।

**44.** शैक्षिक प्रशासन के दृष्टिकोण से निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ?

(1) पूर्णत्या केन्द्रीकृत – यू.एस.ए.

(2) पूर्णत्या विकेन्द्रीकृत – यू.के.

(3) आंशिक रूप में विकेन्द्रीकृत – आयरलैंड

(4) आंशिक रूप से केन्द्रीकृत और आंशिक रूप से विकेन्द्रीकृत – भारत

45. Which of the following country has the longest tradition of distance and continuing education ?

(1) India (2) United Kingdom (3) Australia (4) U.S.A.

46. In a remote tribal area of Madhya Pradesh some tribal teachers devised a unique way of curriculum transaction. Everyone praised it and after thorough examination the curriculum was implemented by the Government in the whole of the state.

This is an example of a use of :

(1) Grassroot model (2) Administrative model

(3) System Analysis model (4) Demonstration model

47. The main drawback of summative evaluation is :

(1) It propagets forgetting

(2) It promotes rote learning

(3) It does not engage the learner in learning throughout the year

(4) It promotes emphasis on year end examination

48. One of the important aims of semester system evaluation is to :

(1) reduce the learning load

(2) bring an element of continuity in evaluation

(3) keep both the teacher and students busy in teaching-learning process

(4) inspire students for reading more and more

49. In a system Analysis Model all the components of the system are :

(1) Correlated (2) Interdependent

(3) In a cause-effect relationship (4) Not related to each other

50. The authoritative character is visualised in :

(1) Demonstrative model (2) Grassroot model

(3) Administrative model (4) System Analysis model

**45.** दूर और सतत शिक्षा की सबसे लम्बी परम्परा निम्नलिखित में से किस देश में है?

(1) भारत (2) यूनाइटेड किंगडम (3) ऑस्ट्रेलिया (4) यू.एस.ए.

**46.** मध्य प्रदेश के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्र में कुछ जनजातीय अध्यापकों ने पाठ्यक्रम सम्पादन का अनूठा तरीका निकाला। सभी ने उसकी सराहना की और पूरी जाँच-पड़ताल करने के बाद सरकार द्वारा इसे सम्पूर्ण राज्य में क्रियान्वित किया गया। यह निम्नलिखित में से किसके उपयोग का उदाहरण है?

(1) जमीनी प्रतिमान (मॉडल) (2) प्रशासनिक प्रतिमान

(3) व्यवस्था विश्लेषण प्रतिमान (4) प्रदर्शन मॉडल/प्रतिमान

**47.** संकलनीय मूल्यांकन के मुख्य दोष हैं :

(1) यह विस्मृति को प्रसारित करता है।

(2) यह रट कर सीखने को बढ़ावा देता है।

(3) यह अधिगम कर्त्ता को पूरे वर्ष के दौरान अधिगम क्रिया में नहीं लगाता है।

(4) यह वर्ष के अंत में परीक्षा पर जोर देने को बढ़ावा देता है।

**48.** सेमस्टर प्रणाली मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है :

(1) अधिगम भार को कम करना

(2) मूल्यांकन में सांतत्य का तत्व लाना

(3) अध्यापक और विद्यार्थी दोनों को अध्यापन - अधिगम प्रक्रिया में व्यस्त रखना

(4) विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पठन के लिये प्रेरित करना

**49.** प्रणाली विश्लेषण प्रतिमान में प्रणाली के सभी संघटक :

(1) सहसम्बन्धित हैं। (2) अंत: निर्भर हैं।

(3) कार्य-कारण सम्बन्ध में हैं। (4) एक दूसरे के साथ सम्बन्धित नहीं हैं।

**50.** आधिकारिक पात्र की कल्पना किसमें की गई है?

(1) प्रदर्शनकारी प्रतिमान (2) जमीनी प्रतिमान

(3) प्रशासनिक प्रतिमान (4) प्रणाली विश्लेषण प्रतिमान

51. The modern approach to management focusses on :

(1) Organisational compliance (2) Organisational concerns

(3) Organisational growth (4) Supervision of managers

52. The system analysis approach in educational administration is concerned with the analysis of :

(1) Quantity and quality aspects of teaching and learning

(2) Quantity and quality of passouts from schools and colleges

(3) Input, process and dimensions of the educational system

(4) Quality of infrastructural resources and training support

53. The recent paradigms of leadership focus on :

(1) Competence level of participants in the organization

(2) Commitment level of participants in the organization

(3) Situational factors along with appropriate styles

(4) Concern for the members belonging to the organization

54. A school system has worked out a number of vision statements as a result of SWOT analysis. What is the most obvious activity which has to follow :

(1) Meetings with teachers and parents

(2) Taking students' views

(3) Developing work plans

(4) Deciding about 'who, what and how' of the plans

55. The major thrust in a good supervision report of a school programme should be to make it :

(1) Preventive and corrective (2) Preventive and creative

(3) Constructive and critical (4) Constructive and creative

51. प्रबन्धन का आधुनिक उपागम ध्यान केन्द्रित करता है :

(1) संगठनात्मक स्वीकृति पर
(2) संगठनात्मक अनुपालन पर
(3) संगठनात्मक संवृद्धि पर
(4) प्रबन्धकों के निरीक्षण पर

52. शैक्षिक प्रशासन में प्रणाली विश्लेषण उपागम निम्नलिखित में से किसके विश्लेषण से सम्बन्धित है ?

(1) अध्यापन तथा अधिगम के परिमाणात्मक एवं गुणात्मक पहलू से
(2) स्कूलों और कॉलेजों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या और गुणवत्ता से
(3) शैक्षिक प्रणाली के आगत, प्रक्रिया और निर्गत आयाम से
(4) बुनियादी ढांचे से सम्बन्धित संसाधन और प्रशिक्षण सहायता से

53. नेतृत्व के हाल ही के प्रतिमान किस पर ध्यान केन्द्रित करते हैं ?

(1) संगठन में प्रतिभागियों की दक्षता का स्तर
(2) संगठन में प्रतिभागियों की प्रतिबद्धता का स्तर
(3) उपयुक्त शैलियों के साथ-साथ स्थितिपरक कारक
(4) संगठन के सदस्यों के लिये चिन्ता

54. स्वॉट (एस.डब्लू.ओ.टी) विश्लेषण के परिणामस्वरूप विद्यालय प्रणाली ने कई दृष्टि कथन तैयार किए हैं। करने योग्य सर्वाधिक स्पष्ट गतिविधि क्या है ?

(1) अध्यापकों तथा अभिभावकों के साथ बैठकें
(2) विद्यार्थियों के विचारों को जानना
(3) कार्य योजनाएँ तैयार करना
(4) योजनाओं के 'कौन, क्या और किस' प्रकार के बारे में निर्णय करना

55. विद्यालय कार्यक्रम की एक उत्तम निरीक्षण रिपोर्ट में मुख्य बल उसे कैसा बनाने पर होना चाहिए ?

(1) निरोधात्मक और सुधारात्मक
(2) निरोधात्मक और सृजनात्मक
(3) रचनात्मक और आलोचनात्मक
(4) रचनात्मक और सृजनात्मक

56. Which of the following statements is most appropriate to define educational evaluation ?

(1) Educational evaluation is a process of judging the extent to which educational objectives have been achieved

(2) Educational evaluation is directed at both teacher and the students

(3) Through educational evaluation a judgement is given on those who are successful and unsuccessful

(4) Educational evaluation is a process of measuring and labelling the students

57. There are two lists given below. **List - I** contains types of tests while **List - II** provides their characteristics. Match the items of **List - I** with the items of **List - II** and use the code for indicating your answer.

| | **List - I** (Types of tests) | | **List - II** (Characteristic features) |
|---|---|---|---|
| (a) | Essay type tests | (i) | They are directed at testing the way of doing something and are situation specific |
| (b) | Objective type tests | (ii) | They use certain criteria and are indicated by gradation |
| (c) | Performance tests | (iii) | They are measured on the basis of products and need global assessment |
| (d) | Portfolio tests | (iv) | They measure various levels of mental skills and are objective |
| (e) | Rating scales | (v) | They test compositional skills but are subjective |
| | | (vi) | They are wide ranging in scope and are vaguely assessed |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (vi) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (v) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (vi) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**56.** शैक्षिक मूल्यांकन को परिभाषित करने में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सबसे उपयुक्त है ?

(1) शैक्षिक मूल्यांकन ऐसी प्रक्रिया है जिसके आधार पर यह आकलन किया जाता है कि शैक्षिक लक्ष्यों को कहाँ तक प्राप्त किया जा सका है।

(2) शैक्षिक मूल्यांकन शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों की ओर निर्दिष्ट है।

(3) शैक्षिक मूल्यांकन के द्वारा सफल-असफल विद्यार्थियों के बारे में निर्णय किया जाता है।

(4) शैक्षिक मूल्यांकन ऐसी प्रक्रिया है जिससे विद्यार्थियों की योग्यता को मापा और निर्दिष्ट किया जाता है।

**57.** नीचे दो सूचियाँ दी गई हैं। **सूची - I** में परीक्षण के प्रकार दिए गए हैं और **सूची - II** में उनकी विशेषताएँ। **सूची - I** के मदों को **सूची - II** के मदों के साथ सुमेलित कीजिए और उनके नीचे दिए गए कूटों के आधार पर सही उत्तर का संकेत कीजिए।

| | **सूची - I** ( परीक्षणों के प्रकार ) | | **सूची - II** ( खास विशेषताएँ ) |
|---|---|---|---|
| (a) | निबंधात्मक परीक्षण | (i) | वे किसी काम को करने की विधि के परीक्षण की निर्दिष्ट होते हैं और स्थिति - विशिष्ट होते हैं |
| (b) | वस्तुनिष्ठ परीक्षण | (ii) | वे किसी निकष का उपयोग करते हैं और श्रेणीकरण द्वारा उनका संकेत किया जाता है। |
| (c) | निष्पादन परीक्षण | (iii) | उनका मापन वस्तुओं से निष्पादित कौशल के आधार पर होता और उनमें वैश्विक मूल्यांकन की जरूरत होती है |
| (d) | पोर्टफोलियों परीक्षण | (iv) | वे मानसिक कौशलों के विविध स्तरों का अध्ययन करते हैं और वस्तुनिष्ठ होते हैं |
| (e) | निर्धारण मापनी | (v) | वे रचनागत कौशलों का परीक्षण करते हैं लेकिन वे आत्मनिष्ठ होते हैं |
| | | (vi) | उनका क्षेत्र बहुत व्यापक होता है और उनके आकलन का स्वरूप बहुत अस्पष्ट होता है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (vi) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (v) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (vi) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**58.** A teacher ensures the coverage of objectives and content with the help of a blue - print. Which of the following characteristics of a test is ensured through this process ?

(1) Validity (2) Reliability (3) Objectivity (4) Usability

**59.** Which test measures the specific abilities of students which can be made the bases for predicting their future performance ?

(1) Achievement test (2) Intelligence test

(3) Aptitude test (4) Attitude scale

**60.** Which of the following is not related to continuous assessment ?

(1) Teacher evaluates subject matter, skills, values, attitude etc.

(2) Teacher evaluates students at the end through internal test

(3) Teacher takes tests after each unit, periodically and also at the end

(4) Teacher provides feedback to students regularly

**61.** Which one of the following will be the most appropriate description of 'Educational Technology' ?

(1) Educational technology is an effective use of hardware for optimising learning outcomes in a school.

(2) Educational technology is a network of various techniques to ensure and optimise learning outcomes effectively.

(3) Educational technology is efficient use of software for optimising learning outcomes

(4) Educational technology is an effective use of multi - media in a classroom context

**62.** In identifying differences between various modalities of teaching match the features of **List-II** with the specific modality mentioned in **List - I**. Choose your answer from the code given below .

| | **List - I (Modalities)** | | **List - II (Features)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Teaching | (i) | rigorous discipline |
| (b) | Instruction | (ii) | repeated association |
| (c) | Conditioning | (iii) | systematic and clear presentation |
| (d) | Training | (iv) | optimum use of critical faculty of the learner |
| (e) | Indoctrinating | (v) | installing a belief system in other's mind |
| | | (vi) | rate memorization of facts |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (2) | (vi) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (vi) | (iii) |
| (4) | (vi) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |

**58.** एक अध्यापक एक रूपरेखा की सहायता से उद्देश्यों और विषयवस्तु का आच्छादन सुनिश्चित करता है। इस प्रक्रिया के द्वारा परीक्षण की कौनसी विशेषता सुनिश्चित होती है ?

(1) वैधता (2) विश्वसनीयता (3) वस्तुनिष्ठता (4) व्यवहार्यता

**59.** विद्यार्थियों की विशिष्ट क्षमताओं का माप किस परीक्षण से होता है जिन्हें उनकी भावी निष्पन्नता का पूर्वानुमान करने के लिये आधार बनाया जा सकता है ?

(1) उपलब्धि परीक्षण (2) बुद्धि परीक्षण

(3) अभिरुचि परीक्षण (4) अभिवृत्ति पैमाना

**60.** निम्नलिखित में से कौनसा सतत आकलन से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) अध्यापक विषय सामग्री, कौशलों, मूल्यों, अभिवृत्तियों इत्यादि का मूल्यांकन करता है।

(2) अध्यापक आन्तरिक परीक्षणों के जरिये विद्यार्थियों का मूल्यांकन अन्त में करता है।

(3) अध्यापक प्रत्येक परीक्षण के बाद समय-समय पर और अन्त में भी परीक्षण करता है।

(4) अध्यापक विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रतिपुष्टि प्रदान करता है।

**61.** निम्नांकित में से कौन सा 'शैक्षिक तकनालॉजी' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त वर्णन होगा ?

(1) किसी विद्यालय में अधिगम परिणामों को इष्टतम बनाने हेतु हार्डवेयर का प्रभावी अनुप्रयोग शैक्षिक तकनालॉजी है।

(2) अधिगम परिणामों को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने एवं इष्टतम बनाने हेतु विविध प्रविधियों का समुच्चय शैक्षिक तकनालॉजी है।

(3) अधिगम परिणामों को इष्टतम बनाने की दृष्टि से सॉफ्टवेयर का कुशल अनुप्रयोग शैक्षिक तकनालॉजी है।

(4) किसी कक्षागत सन्दर्भ में बहुल-माध्यमों का प्रभावी अनुप्रयोग शैक्षिक तकनालॉजी है।

**62.** शिक्षण की विविध प्रकारताओं में विभेद ज्ञात करने हेतु **सूची - II** में प्रस्तुत विशेषताओं का **सूची - I** में प्रदत्त विशिष्ट प्रकारता से मिलान कीजिए। दिए गए कोड से अपना उत्तर चुनें।

| **सूची - I (प्रकारता)** | | **सूची - II (विशेषताएँ)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | शिक्षण | (i) | कठोर अनुशासन |
| (b) | अनुदेशन | (ii) | बारम्बारिता के साथ साहचर्य |
| (c) | अनुबन्धन | (iii) | व्यवस्थित एवं स्पष्ट प्रस्तुति |
| (d) | प्रशिक्षण | (iv) | अधिगमकर्त्ता की समीक्षात्मक क्षमता का इष्टतम प्रयोग |
| (e) | मतारोपण | (v) | दूसरे के मस्तिष्क में एक विश्वास - प्रणाली स्थापित करना |
| | | (vi) | तथ्यों को रट लेना |

**कोड :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** | **(e)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (2) | (vi) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (vi) | (iii) |
| (4) | (vi) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |

**63.** How is reflective level teaching different from understanding level teaching ?

(1) On the basis of developing strong grip over facts and information

(2) In terms of raising the level of critical understanding and interaction

(3) On the basis of command over the teaching - learning materials in their use

(4) In terms of teacher - learner involvement

**64.** In which of the following exemplars of educational technology the emphasis is on individualized instruction ?

(1) Programmed instruction (2) Discussion sessions

(3) Simulation (4) Interaction analysis

**65.** Which of the following Educational technology approach has the support of operant conditioning paradigm of B.F. Skinner ?

(1) Branching programme (2) Mathetic programme

(3) Linear programme (4) Computer Assisted instruction

**66.** Who established the first school to educate the mentally retarded children ?

(1) Terman (2) Seguin (3) Gardner (4) Binet

**67.** Ability of a child to perceive a total picture or object when actually a part is displayed/ shown, is called :

(1) Form constancy (2) Visual Closure

(3) Visual scanning (4) Visual tracking

**68.** At which decibel level, exposure for a prolonged period of time is risky for human hearing ability ?

(1) 85 (2) 45 (3) 70 (4) 60

**69.** Which one of the following statements is **correct** ?

(1) A gifted child may be creative also

(2) Creativity implies giftedness

(3) Giftedness and creativity are related concepts

(4) Creativity has nothing to do with giftedness

**63.** विमर्शी चिन्तन स्तर का शिक्षण, अवबोध स्तर के शिक्षण से किस प्रकार भिन्न है ?

(1) तथ्यों एवं सूचनाओं पर मज़बूत पकड़ विकसित करने के आधार पर

(2) समीक्षात्मक अवबोध एवं अंत: क्रिया के स्तर को समुन्नत बनाकर

(3) शिक्षण – अधिगम सामग्रियों के इस्तेमाल में प्रभाव बढ़ाकर

(4) शिक्षक – विद्यार्थी अन्तर्भाविता के आधार पर

**64.** शैक्षिक तकनालॉजी के अधोलिखित उदाहरणों में किसके अन्तर्गत वैयक्तिक अनुदेशन पर बल दिया जाता है ?

(1) अभिक्रमित अनुदेशन (2) परिचर्चा सत्र

(3) अनुरूपण (4) अन्त: क्रिया विश्लेषण

**65.** शैक्षिक तकनालॉजी के निम्नांकित किस उपागम में बी.एफ.स्किनर के क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन का समर्थन उपलब्ध है ?

(1) शाखीय अभिक्रम (2) शृंखलित अभिक्रम

(3) रेखीय अभिक्रम (4) कम्प्यूटर सहाय्यित अनुदेशन

**66.** मंद बुद्धि बालकों को शिक्षित करने के लिए प्रथम विद्यालय किसने स्थापित किया था ?

(1) टरमैन (2) सेग्विन (3) गार्डनर (4) बिने

**67.** किसी बालक को मात्र एक अंश ही दिखाए जाने पर सम्पूर्ण चित्र को समझ लेने की क्षमता कहलाती है ?

(1) रूप स्थिरता (2) दृष्टि-समापन

(3) दृष्टि-सूक्ष्मवीक्षण (4) दृष्टि-लक्ष्यानुसरण

**68.** मानव-श्रवण योग्यता हेतु कौन से डेसिबिल स्तर का लम्बे समय तक होना जोखिम पूर्ण है ?

(1) 85 (2) 45 (3) 70 (4) 60

**69.** निम्नांकित कथनों में से कौन सा एक कथन **सही** है ?

(1) प्रतिभाशाली बालक सृजनशील भी हो सकता है

(2) सृजनशीलता में प्रतिभाशीलता निहित होती है

(3) प्रतिभाशीलता एवं सृजनशीलता दोनों संबंधित सम्प्रत्यय हैं

(4) सृजनशीलता का प्रतिभाशीलता से कोई लेना-देना नहीं है

**70.** Read the following statements carefully :

**Assertion (A)** : Delinquency is intimately connected with juvenile stage.

**Reason (R)** : Delinquency is caused by genetic factors only.

Choose the **correct** answer

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct

(2) Both **(A)** and **(R)** are incorrect

(3) **(A)** is correct but **(R)** is not correct

(4) **(A)** is not correct but **(R)** is correct

**71.** The duration of Bachelor of Education (B.Ed) programme of the country has been raised to two years w.e.f. 2015-16 academic session on the basis of the recommendation of :

(1) Kothari Commission 1964-66

(2) Justice Verma Commission 2012

(3) National Curriculum Framework 2005

(4) Right to Education Act 2009

**72.** District Institutes of Education and Training (DIETs) were created in pursuance of the recommendation of :

(1) National Policy on Education 1968

(2) National Policy on Education 1986

(3) Kothari Commission, 1964-66

(4) $42^{nd}$ Constitutional Amendment Act 1976

**73.** Which of the following statement is not related to in-service teacher education programme ?

(1) There is an urgent need to develop comprehensive programmes for continuing professional development of secondary school teachers.

(2) Aspirants to join teaching profession be screened carefully for their aptitude of teaching.

(3) A teacher should continue her/his education to attain competency in teaching methodology.

(4) Faculty development programmes for teacher educators should be institutionalised.

**70.** निम्नांकित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

**अभिकथन (A) :** अपराधिता बाल्यावस्था से गहराई से जुड़ी है।

**कारण (R)** : अपराधिता केवल अनुवांशिक कारकों के कारण होती है।

**सही** उत्तर का चयन कीजिए

(1) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही हैं

(2) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही नहीं हैं

(3) **(A)** तो सही है किन्तु **(R)** सही नहीं है

(4) **(A)** तो सही नहीं है किन्तु **(R)** सही हैं

**71.** निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश के आधार पर 2015 - 16 के अकादमिक सत्र से देश में शिक्षा स्नातक (बी.एड.) कार्यक्रम की अवधि बढ़ा कर दो वर्ष कर दी गई है?

(1) कोठारी आयोग 1964-66

(2) न्यायाधीश वर्मा आयोग 2012

(3) राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 2005

(4) शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009

**72.** जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान (डी.आई.ई.टीस) किसकी सिफारिश के अनुपालन में स्थापित किए गए थे?

(1) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968

(2) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986

(3) कोठारी आयोग, 1964-66

(4) 42 वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976

**73.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन सेवारत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम से सम्बन्धित नहीं है?

(1) माध्यमिक विद्यालय शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु व्यापक कार्यक्रम विकसित करने की तुरन्त आवश्यकता है।

(2) शिक्षण व्यावसाय में प्रवेश करने के आकांक्षियों की शिक्षण अभिवृत्ति की सावधानी से छानबीन करनी चाहिए।

(3) शिक्षक को अध्यापन-पद्धति में निपुणता प्राप्त करने के लिये अपनी शिक्षा जारी रखनी चाहिए।

(4) अध्यापक शिक्षा विदों के लिये संकाय विकास कार्यक्रमों का सांस्थानिकीकरण किया जाना चाहिए।

**74.** Which of the following is not a characteristic of a profession ?

(1) Membership of a professional organisation

(2) Long duration of pre- service training

(3) Working with service motive

(4) Promoting activism for attractive emoluments

**75.** India has taken a move to ensure that there would be no untrained teacher at elementary school level by the end of August 2015. This is in the wake of :

(1) Verdict of Supreme Court

(2) Right to Education Act 2009

(3) Rule made by NCTE

(4) Recommendation of NPE 1986

- o 0 o -

74. व्यावसाय की विशेषता निम्नलिखित में से कौनसी नहीं है?

(1) व्यावसायिक संगठन की सदस्यता

(2) सेवा-पूर्व प्रशिक्षण की दीर्घावधि

(3) सेवा के प्रयोजन से कार्य करना

(4) आकर्षक पारिश्रमिक के लिए सक्रियतावाद को बढ़ावा देना

75. यह सुनिश्चित करने के लिये कि अगस्त 2015 के अन्त से प्रारम्भिक स्कूल में कोई भी अप्रशिक्षित अध्यापक नहीं होगा भारत ने किसकी सिफारिश पर कदम उठाया है?

(1) सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर (2) शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009

(3) एन.सी.टी.ई. के द्वारा बनाया गया नियम (4) एन.पी.ई. 1986 की सिफारिश

- o 0 o -

**Space For Rough Work**